सखी मधुर रसिलो नाम,
हमारी राधा रानी को,
राधा रानी को,
हमारी श्यामा प्यारी को,
राधा रानी को,
मेरी ब्रज की महारानी को,
बरसाना सरस निज धाम,
हमारी राधा रानी को,
सखी मधुर रसीलो नाम,
हमारी राधा रानी को।।

नाम लिए रस ही रस घुल गए,
मन में स्वाद अपार,
रे प्राणी स्वासों में अमृत,
राधा नाम उचार,
तेरे हर पल, तेरे हर पल,
आवे काम नाम,
मेरी राधा रानी को,
सखी मधुर रसीलो नाम,
हमारी राधा रानी को।।

सब नामों में नाम श्री राधा,
रानी को मन भावे,
सप्त द्वीप नौ खंड में,
कण कण ये ही समाए,

जपे तीनो, जपे तीनो,
जपे तीन लोक को श्याम,
हमारी राधा रानी को,
सखी मधुर रसीलो नाम,
हमारी राधा रानी को।।

श्री राधा नाम के रस का पागल,
बने कोई मतवाला,
भोपाली अंतर मुख होके,
नाम की जप माला,
मन भूल ना, मन भूल ना,
मन भूल ना जइयो नाम,
हमारी राधा रानी को,
सखी मधुर रसीलो नाम,
हमारी राधा रानी को।।

सखी मधुर रसिलो नाम,
हमारी राधा रानी को,
राधा रानी को,
हमारी श्यामा प्यारी को,
राधा रानी को,
मेरी ब्रज की महारानी को,
बरसाना सरस निज धाम,
हमारी राधा रानी को,
सखी मधुर रसीलो नाम,
हमारी राधा रानी को।।

Singer : Poonam Didi Ji

Source:
https://www.bharattemples.com/sakhi-madhur-rasilo-naam-hamari-radha-rani-ko/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw